(b) what is the recommendation of the Paranjape Committee in this regard; and

(c) whether it is a fact that mobilisation of additional resource are likely to result in the massive increase in rail fares anl freights?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) The Paranjape Committee had recommended that the Railways should operate at the level of efficiency attained in 1976-77 and after meeting their appropriate costs at 1980-81 prices, they should earn a return of 10 per cent on the capital at charge.

(c) Yes, if a return of 10 per cent on the capital at charge is to be achieved.

यात्री और माल यातायात

2400. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे के चल स्टाक में 37946 सवारी डिब्बे तथा 536497 माल डिब्बे हैं जो 70 करोड़ की आबादी के लिए सवारी और माल ढोने हेतु पर्याप्त नहीं हैं, यदि हां, तो सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अपेक्षित क्षमता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या पूर्व रेलवे के जमालपुर कारखाने को भी इस योजना से सम्बद्ध किया जा रहा है, यदि हां, तो किस रूप में ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि आने वाले वर्षों में यात्री तथा माल यातायात में शतप्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) 31-3-85 को रेलों के पास सवारी डिब्बों तथा माल डिब्बों की संख्या नीचे दी गई है :—

सवारी डिब्बे	35,594 वाहन
माल डिब्बे	5,34,839 (चौपहियों के हिसाब से)

सातवीं योजना की अपेक्षायें पूरी करने के लिए रेलों द्वारा 96,000 माल डिब्बे 6,970 सवारी डिब्बे और 950 ईएमयू की खरीद की जाने की संभावना है ।

स्वदेशी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए पंजाब में कपूरथला में एक नये सवारी डिब्बे का स्कारखाने का स्थापना की जा रही है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) माल यातायात की ढुलाई जो छठी योजना के आखिरी वर्ष में 265 मिलियन टन हुई थी बढ़कर 1989-90 तक 350 मिलियन टन हो जाने की संभावना है जब कि अनुपनगरीय यात्री यातायात में सातवीं योजना अवधि के दौरान प्रति वर्ष 3.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है ।

सुल्तान गंज से वैद्यनाथ धाम होकर जाने वाली प्रस्तावित गाड़ी

2401. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में सुल्तानगंज गंगाघाट पर विशेषकर श्रावण और भादों के महीनों में स्नान करने तथा वैद्यनाथ धाम पर गंगाजल चढ़ाने हेतु जल भरने के लिए लाखों यात्री वहां आते-जाते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि परिवहन मंत्रालय से बहुत पहले से यह आग्रह किया जा रहा है कि सुल्तानगंज और देवघर के बीच रेलवे लाइन बिछायी जाये और इस लाइन के बिछाये जाने तक सुल्तानगंज से वैद्यनाथ धाम होकर जाने